**सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान**
**(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद(**
**CENTRAL INSTITUTE OF MINING AND FUEL RESEARCH**
**(Council of Scientific and Industrial Research)**
**मुख्यालय:बरवा रोड,धनबाद, झारखंड**,/HQ. Barwa Road, Dhanbad, Jharkhand-826001

**विज्ञापन संख्या/Advertisement No.: PS/03/2026/PTD/BC/R&A-II,**

**दिनांक:-11/06/2026**

**(अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति (Engagement of Part-Time Doctor))**

सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर-सीआईएमएफआर), धनबाद, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के अंतर्गत एक प्रमुख ISO-9001 प्रमाणित अनुसंधान संस्थान है, जो वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त निकाय है; इसका उद्देश्य एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिष्ठित खनन एवं ईंधन अनुसंधान संगठन बनना है तथा इसका मिशन सामाजिक उत्थान और औद्योगिक विकास के लिए सतत एवं अत्याधुनिक तकनीकों का विकास और प्रसार करना है।

CSIR-Central Institute of Mining and Fuel Research (CSIR-CIMFR), Dhanbad is a premier ISO-9001 certified research institute under the aegis of Council of Scientific and Industrial Research (CSIR), an autonomous body under the Department of Scientific and Industrial Research, Ministry of Science & Technology, Government of India. Its vision is to be an internationally acclaimed Mining and Fuel Research Organization, and its mission is to Develop and Deliver Sustainable Cutting-Edge Technologies for Social Upliftment and Industrial Advancement.

सीएसआईआर-सीआईएमएफआर द्वारा अंशकालिक चिकित्सक (एलोपैथिक) के चयन हेतु वॉक-इन-इंटरव्यू आयोजित किया जाएगा, जो सीएसआईआर-सीआईएमएफआर, बरवा रोड, धनबाद में दिनांक 29/06/2026 को आयोजित होगा। इच्छुक अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में भाग लेने के लिए स्वयं द्वारा सत्यापित आवेदन पत्र तथा आवश्यक दस्तावेज साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करने होंगे (आवेदन पत्र का प्रारूप परिशिष्ट “A” इस विज्ञापन के साथ संलग्न है)।

CSIR-CIMFR intends to hold a walk-in-interview for engagement of a Part-Time Doctor (Allopathic) at CSIR-CIMFR, Barwa Road, Dhanbad on 29/06/2026. Those Candidates who are willing to appear in the walk-in-interview shall have to present with duly filled application form along with self-attested requisite documents at the time of interview (the proforma of the application form is attached with this advertisement).

| **Particulars (विवरण)** | **Details (विवरणी)** |
|---|---|
| **(प्रवेश द्वार खुलने का समय) Gate Opening Time** | **09:00 AM** |
| **(प्रवेश द्वार बंद होने का समय) Gate Closing Time** | **11:00 AM** |
| **(वॉक-इन इंटरव्यू की तिथि) Walk-in-interview date** | **29/06/2026** |
| **(साक्षात्कार स्थल) Venue of Walk-in-Interview** | **CSIR-CIMFR**<br>**Barwa Road, Dhanbad, Jharkhand-826001** |

**पद का विवरण निम्नलिखित है/ Details of the post are as under:**

| **पद ,पदों की संख्या, पदस्थापन का स्थान Position, No. of Post, Place of Posting** | **न्यूनतम आवश्यक योग्यता एवं अधिकतम आयु सीमा / Minimum Essential Qualification & Maximum Age Limit** | **कार्य विवरण / Job Description** | **नियुक्ति की अवधि / Duration for Engagement** | **मानदेय / Honorarium** |
|---|---|---|---|---|
| **Part-Time Doctor, 01, Dhanbad**<br><br>(For CSIR-CIMFR, Barwa Road Campus) | MBBS Degree with 55% marks from a Medical College/University recognized by Govt. /MCI and Maximum age limit as on last date of receipt of the application/walk-in-interview is 70 years. | Attend/take care of the medical needs of employees and their families, family pensioners and other staffs at Dhanbad (Barwa Road Campus) | Initially for 06 (Six) Months which is extendable for further period on satisfactory service or till further orders, whichever is earlier. | Honorarium @ Rs.15340/- per month for performing one hour duty per day on all week days (except Sundays and holidays) and maximum honorarium @ Rs.46020/- per month for performing three hours duty per day on all week days (except Sunday and holidays). |

"सरकार कार्यबल में लैंगिक संतुलन बनाए रखने के लिए प्रयासरत है और महिला उम्मीदवारों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।"

"GOVERNMENT STRIVES TO HAVE A WORKFORCE WHICH REFLECTS GENDER BALANCE AND WOMEN CANDIDATES ARE ENCOURAGED TO APPLY"

**पार्ट-टाइम डॉक्टर हेतु वांछनीय योग्यता**: जिन अभ्यर्थियों के पास आवश्यक योग्यता एवं अनुभव प्राप्त करने के बाद एम.डी. (**M.D.)** जैसी उच्च डिग्री होगी, उन्हें प्राथमिकता दी जाएगी।

**Desirable Qualification for Part Time Doctor:** - Candidates with higher degree of M.D. after possessing essential qualification & experience will be preferred.

**1. कार्य आवश्यकताएँ (Job Requirement)**

सीएसआईआर - केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान, धनबाद के बरवा रोड परिसर में मेडिकल ऑफिसर के रूप में सामान्य चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करनी होंगी, जिसमें कर्मचारियों, पेंशनभोगियों, उनके आश्रित परिवारजनों, फैमिली पेंशनर्स तथा अन्य स्टाफ का उपचार शामिल होगा। उन्हें CSIR-CIMFR Health Center (धनबाद इकाई) की ओपीडी में प्रातःकालीन या सायंकालीन किसी एक शिफ्ट में, संस्थान की आवश्यकतानुसार तथा सक्षम प्राधिकारी द्वारा निर्धारित समयावधि के अनुसार कार्य करना होगा। गंभीर रोग की स्थिति में आवश्यकता पड़ने पर उन्हें मरीजों को उन अस्पतालों में रेफर करना होगा, जो सीएसआईआर-सीआईएमएफआर से क्रेडिट सुविधा सहित या बिना क्रेडिट सुविधा के उपचार हेतु संबद्ध हैं। इसके अतिरिक्त, उन्हें अपने द्वारा रेफर एवं उपचारित मरीजों के क्रेडिट अस्पताल बिलों तथा क्रेडिट दवा बिलों का सत्यापन (सर्टिफिकेशन) भी करना होगा।

To perform general duties as a Medical Officer in CSIR-CIMFR, Dhanbad, Barwa Road Campus to attend to patients comprising employees, pensioners, their dependent family members, family pensioners and other staffs. He/She will have to attend either the morning shift or the evening shift of OPD of CSIR–CIMFR Health Center, (Dhanbad Unit) duration as per requirements and as decided by the Competent Authority of CIMFR. In case of serious ailments, if required, he/she has to refer patients to some of the Hospitals which are tied up with CSIR-CIMFR for extending treatment with credit facility and without credit facility, as the case may be. He/She will also have to certify the credit Hospital bills as well as credit Medicine bills received in respect of those patients referred and attended by him/her.

**2. मानदेय भुगतान (Honorarium Payment)**

अंशकालिक चिकित्सक को दिया जाने वाला मासिक मानदेय केवल उपस्थिति (Attendance) के आधार पर पूरे महीने के लिए देय होगा। यदि किसी महीने में चिकित्सक अवकाश पर रहते हैं या किसी अन्य कारण से अनुपस्थित रहते हैं, तो मानदेय की गणना कार्य अवधि के अनुसार अनुपातिक (Pro-rata) आधार पर की जाएगी। इस प्रकार निर्धारित समेकित राशि का भुगतान अगले महीने के प्रथम पखवाड़े में किया जाएगा। अंशकालिक चिकित्सक को केवल वास्तविक उपस्थिति के आधार पर देय मानदेय के अतिरिक्त कोई अन्य भुगतान नहीं किया जाएगा।

Payment of monthly honorarium for Part–Time is solely attendance based for the whole month and in case of absence from duty on leave or for any other reason in a month, the honorarium will be calculated on prorata basis for the period of duty, the consolidated amount of which will be paid in the 1st half of the following month. No other payment except the admissible honorarium based on actual attendance will be paid to the part time Doctor.

**3. नियुक्ति की अवधि (Period of Engagement):**

CSIR-Central Institute of Mining and Fuel Research में अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति पूर्णतः संविदा (Contract) आधार पर तथा अस्थायी अवधि के लिए होगी और इससे अभ्यर्थी को किसी भी प्रकार का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष अधिकार, जैसे किसी पद पर समायोजन (Absorption), नियमितीकरण (Regularization) या निरंतर सेवा का दावा, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर में नहीं मिलेगा। अंशकालिक चिकित्सक के रूप में सेवा की अवधि किसी भी परिस्थिति में 70 वर्ष की आयु प्राप्त करने के बाद आगे नहीं बढ़ाई जाएगी।

हालाँकि, सीएसआईआर-सीआईएमएफआर बिना कोई कारण बताए एक माह का नोटिस देकर इस नियुक्ति को किसी भी समय समाप्त कर सकता है, तथा संबंधित चिकित्सक भी अपनी सेवाएँ समाप्त करने के लिए एक माह का अग्रिम नोटिस दे सकता है। यह अवधि आपसी सहमति से बढ़ाई या घटाई जा सकती है अथवा तत्काल प्रभाव से

समाप्त भी की जा सकती है, ऐसी स्थिति में एक माह के मानदेय के बराबर राशि नोटिस अवधि के बदले सीएसआईआर-सीआईएमएफआर को देनी होगी।

Engagement of part time Doctor will be purely on contract basis for a temporary period and it will not confer any right, explicit or implicit, on the incumbent for any claim for absorption/regularization/continuation against any post of CSIR-CIMFR. The period of engagement as part time Doctor will not be extended under any circumstances after the incumbent attains the age of 70 years.

However, the engagement of part time Doctor may be terminated at any time by CSIR-CIMFR by giving one-month notice without assigning any reason and the incumbent may also terminate his/her services by giving one month notice in advance, which can be extended or curtailed OR immediately by paying one month honorarium to CIMFR in lieu of the notice period.

**4. <u>अंशकालिक चिकित्सक (Part-Time Doctor) की नियुक्ति हेतु सामान्य नियम एवं शर्तें:</u>**

a. उम्मीदवारों को कार्यभार ग्रहण करने हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता (TA) या दैनिक भत्ता (DA) का भुगतान नहीं किया जाएगा।

No TA/DA will be paid to the candidates for joining of the assignment.

b. **स्रोत पर कर कटौती (Tax Deduction at Source):** आयकर या किसी अन्य कर देयता की कटौती वर्तमान प्रचलित नियमों के अनुसार की जाएगी तथा मानदेय के भुगतान से पूर्व स्रोत पर ही यह कटौती कर ली जाएगी। इसके लिए कार्यालय द्वारा टीडीएस (TDS) प्रमाण पत्र जारी किया जाएगा।

Income Tax or any other tax liability will be as per the prevailing rules and it will be deducted at sources before effecting the payment of honorarium for which the office will issue TDS certificate.

c. **डेटा, सूचना एवं दस्तावेजों की गोपनीयता (Confidentiality of Data, Information and Documents):** कार्यालय से संबंधित सभी जानकारी, डेटा एवं दस्तावेज पूर्णतः गोपनीय रहेंगे। इस कार्य से संबंधित या कार्य के दौरान एकत्र की गई किसी भी प्रकार की जानकारी, आँकड़े, कार्यवाही या विवरण का उपयोग, प्रकाशन अथवा किसी भी तृतीय पक्ष को प्रकटीकरण, कार्यालय की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना किसी भी व्यक्ति द्वारा नहीं किया जाएगा। अंशकालिक चिकित्सक अनुबंध की समाप्ति से पूर्व अथवा निर्धारित समय से पहले कार्यालय को सभी अभिलेखों एवं कार्य से संबंधित संपूर्ण सामग्री/रिकॉर्ड अनिवार्य रूप से सौंपने के लिए बाध्य होंगे।

Confidentiality of data, information and documents: The information, data and documents related to the office shall remain confidential. No one shall utilize or publish or disclose to a third party, any part of the data or statistics or proceedings or information collected for the purpose of this assignment or during the course of assignment for the office, without the express written consent of the office. The part time doctor shall be bound to hand over the entire set of records or assignments to the office before the expiry of the contract or before.

d. **हितों का टकराव (Conflict of Interest):** इस कार्यालय द्वारा नियुक्त अंशकालिक चिकित्सक किसी भी ऐसे मामले में, जो इस कार्यालय के हितों के विरुद्ध हो, किसी अन्य व्यक्ति या पक्ष का प्रतिनिधित्व नहीं करेंगे और न ही किसी प्रकार की राय या सलाह प्रदान करेंगे।

The Part Time Doctor engaged by this office, shall not represent or give opinion or advice to others in any matter which is adverse to the interest of this office.

e. **किसी भी प्रकार की सिफारिश या प्रभाव डालना (Canvassing):**

किसी भी रूप में सिफारिश करना और/या राजनीतिक प्रभाव अथवा अन्य किसी प्रकार का प्रभाव डालना उपरोक्त पद के लिए अयोग्यता (Disqualification) माना जाएगा।

Canvassing in any form and/or bringing any political influence or otherwise will be treated as a disqualification for the above position.

f. अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति सीएसआईआर द्वारा समयसमय पर इस संबंध में जारी किए गए - नियमों, शर्तों एवं दिशानिर्देशों के अधीन होगी-, जिनका अनुपालन सीएसआईआरकेंद्रीय खनन एवं ईंधन – द्वारा किया जा (सीआईएमएफआर) अनुसंधान संस्थानएगा।

The engagement of the Part-Time Doctor shall be governed by the rules, terms & conditions, and guidelines issued by CSIR from time to time in this regard, which shall be complied with by CSIR–Central Institute of Mining and Fuel Research (CIMFR).

g. सभी उद्देश्यों और प्रयोजनों के लिए, अंशकालिक चिकित्सक की सेवाएँ CSIR-Central Institute of Mining and Fuel Research के निदेशक के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन रहेंगी।

For all intent and purposes, the services of Part time doctor will be under administrative control of the Director, CSIR-CIMFR.

h. उपरोक्त पद के लिए आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों का चिकित्सकीय रूप से स्वस्थ (Medical Fit) होना अनिवार्य है।

The candidates applying for above position must be medically fit.

i. CSIR-Central Institute of Mining and Fuel Research को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह यदि आवश्यक समझे तो किसी विशेष पद को न भरने का निर्णय ले सकता है। ऊपर उल्लिखित रिक्तियों की संख्या वास्तविक चयन प्रक्रिया के समय परिवर्तित हो सकती है।

CSIR-CIMFR reserves the right not to fill up a particular position, if it so desires. The number of vacancies indicated above may vary at the time of actual selection.

## 5. अंशकालिक चिकित्सक की नियुक्ति की प्रक्रिया (Procedure for Engagement of Part-Time Doctor )

**a. आवेदन जमा करना (Application Submission):**

अभ्यर्थियों को वॉक-इन-इंटरव्यू के समय निर्धारित प्रारूप में पूर्ण रूप से भरा हुआ आवेदन पत्र जमा करना होगा, साथ ही आधार कार्ड, अंक पत्र एवं संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वप्रमाणित प्रतियाँ संलग्न करनी होंगी।

Candidates must submit a duly filled application in the prescribed format at the time of the walk-in interview, along with self-attested copies of Aadhar card, mark sheets, and relevant certificates.

नोट: जिन अभ्यर्थियों के पास पूर्ण आवेदन पत्र/एडमिट कार्ड नहीं होगा, उन्हें साक्षात्कार में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

Note: Candidates without a completed application/admit card will not be allowed to appear for the interview.

**b. दस्तावेज़ सत्यापन (Document Verification):**

**अभ्यर्थियों को सभी मूल दस्तावेज (10वीं/एसएससी, 12वीं/एचएससी, सभी सेमेस्टर अंक पत्र, डिग्री प्रमाण पत्र तथा श्रेणी/जाति प्रमाण पत्र, (यदि लागू हो)) सत्यापन हेतु लाने होंगे। केवल वही अभ्यर्थी साक्षात्कार में भाग ले सकेंगे जिनके दस्तावेज सही पाए जाएंगे।**

**Candidates must bring all original documents (10th/SSC, 12th/HSC, all semester mark sheets, degree certificates, and category/caste certificate (if applicable)) for verification. Only those whose documents are found in order will be permitted to attend the interview.**

**c. कट-ऑफ तिथि (Cut-off Date):**

वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि को आयु, योग्यता एवं अनुभव निर्धारित करने हेतु कट-ऑफ तिथि माना जाएगा।

The date of the walk-in interview shall be the cut-off date for determining eligibility in terms of age, qualifications, and experience.

d. **<u>अपूर्ण या गलत आवेदन (Incomplete or Incorrect Applications):</u>**
अपूर्ण आवेदन (फोटो, दस्तावेज या हस्ताक्षर के बिना) अस्वीकृत कर दिए जाएंगे। गलत जानकारी देने पर अभ्यर्थिता रद्द कर दी जाएगी तथा भविष्य के साक्षात्कारों से वंचित किया जा सकता है।
Incomplete applications (missing photograph, documents, or signature) will be rejected. Providing false information will lead to cancellation of candidature and possible debarment from future interviews.

e. **<u>ऑनलाइन साक्षात्कार (यदि लागू हो) (Online Interview, if applicable):</u>**
अभ्यर्थी निर्धारित समय सीमा के भीतर अपना आवेदन पत्र/बायोडाटा ईमेल **psrecruitment.cimfr@csir.res.in** पर भेजकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से साक्षात्कार में भाग लेने का अनुरोध कर सकते हैं। अनुमोदन के बाद साक्षात्कार की जानकारी प्रदान की जाएगी। Candidates may request to attend the interview via video conferencing by sending the prescribed application form/resume in advance to psrecruitment.cimfr@csir.res.in within the specified deadline. Interview details will be communicated upon approval.

f. **<u>जॉइनिंग आवश्यकता (Joining Requirement):</u>**
चयनित अभ्यर्थियों को जॉइनिंग के समय अंतिम सत्यापन हेतु सभी मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे, ऐसा न करने पर उन्हें जॉइन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
Selected candidates must produce original documents for final verification at the time of joining, failing which they will not be allowed to join.

पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे संस्थान की वेबसाइट पर उपलब्ध विज्ञापन को भली-भाँति पढ़ें तथा निर्धारित आवेदन प्रपत्र (विज्ञापन के साथ संलग्न) को विधिवत भरकर साक्षात्कार की तिथि को सभी आवश्यक मूल प्रमाण पत्रों एवं स्वप्रमाणित छायाप्रतियों सहित उपस्थित हों। सभी निर्देशों, समय-सारिणी तथा दस्तावेज़ों के प्रस्तुतीकरण का कड़ाई से पालन अनिवार्य होगा एवं किसी भी प्रकार की छूट प्रदान नहीं की जाएगी। आरक्षित वर्गों, महिलाओं एवं अन्य सांविधिक श्रेणियों को आयु में छूट नियमानुसार देय होगी। यह आबंधन पूर्णतः अस्थायी होगी, परियोजना अवधि एवं CSIR के नियमों के अधीन होगी तथा इससे स्थायी पद पर नियमितकरण या नियुक्ति का कोई अधिकार अथवा दावा उत्पन्न नहीं होगा। साक्षात्कार हेतु कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा। सभी अद्यतन सूचनाएँ केवल संस्थान की वेबसाइट **www.cimfr.res.in** पर ही उपलब्ध कराई जाएँगी।

Eligible and interested candidates are advised to carefully read the advertisement available on the Institute's website and appear for the interview on the scheduled date with a duly filled application form (attached with the advertisement), all required original documents, and self-attested copies thereof. Strict compliance with all instructions, reporting schedule, and document submission is mandatory, and no relaxation shall be granted. Age relaxation shall be admissible to reserved categories, women, and other statutory groups as per rules. The engagement shall be purely temporary, governed by project tenure and CSIR norms, co-terminus with the project and shall not confer any right or claim for regularization or appointment to a permanent post/Position. No Travel Allowance shall be admissible for attending the interview. All updates shall be notified only on the Institute's website **www.cimfr.res.in**.

CSIR–CIMFR को विज्ञापन की शर्तों में किसी भी चरण में संशोधन, परिवर्तन या व्याख्या करने तथा किसी भी चरण में पूर्व सूचना के बिना इसे रद्द करने का अधिकार सुरक्षित है।

CSIR–CIMFR reserves the right to amend, modify, or interpret the provisions of the advertisement at any stage and may cancel it at any stage without prior notice.

**ह०/-**
**प्रशासन नियंत्रक (Controller of Administration)**

सीएसआईआर-केंद्रीय खनन एवं ईंधन अनुसंधान संस्थान
(वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद)
CENTRAL INSTITUTE OF MINING AND FUEL RESEARCH
(Council of Scientific and Industrial Research)
मुख्यालय:बरवा रोड,धनबाद, झारखंड,/HQ. Barwa Road, Dhanbad, Jharkhand-826001

Contact Email id: psrecruitment.cimfr@csir.res.in


| अभ्यर्थी का अद्यतन छायाचित्र Candidate's recent passport size photo |
|---|

## आवेदन फॉर्म/ APPLICATION FORM

**विज्ञापन संख्या/Advertisement No.: PS/03/2026/PTD/BC/R&A-II,दिनांक:11/06/2026 (By Office)**

**साक्षात्कार की तिथि /Date of Walk-in-Interview** :-29-06-2026

**आवेदित पद का नाम/Name of Post Applied For :– अंशकालिक चिकित्सक /Part-Time-Doctor**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | अभ्यर्थी का नाम (स्पष्ट बड़े अक्षरों में)/ Candidate's Name (In Block Letters) | |
| 2. | अभ्यर्थी के अभिभावक का नाम/Parent's Name | |
| 3. | अभ्यर्थी की जन्म तिथि/Date of Birth | __ / __ / ____ |
| 4. | लिंग/Gender | MALE ☐ FEMALE ☐ OTHERS ☐ |
| 5. | श्रेणी/ Category | GEN /OBC /SC / ST / EWS / PWD (जो लागू ना हो उसे काट दें) |
| 6. | वैवाहिक स्थिति/Marital Status(जो लागू ना हो उसे काट दें) | विवाहित/अविवाहित/अन्यश्रेणी/Married/Unmarried/Other Category |
| 7. | अभ्यर्थी का पूरा पता/ Candidate's Full Correspondence Address | |
| 8. | अभ्यर्थी की आधार संख्या/Candidate Aadhar Number | |
| 9. | अभ्यर्थी की ईमेल आईडी/Candidate Email ID (Operational) | |
| 10. | मोबाइल संख्या(स्वयं)/Mobile No.(Self) | |
| 11. | अनुभव और अनुभव की अवधि(सीएसआईआर की सभी प्रयोगशाला सहित)/Details and duration of Experience (including all CSIR Labs), if any | |
| 12. | शैक्षणिक सहित अन्य प्रमाण पत्रों को संलग्न किया **(हाँ/ना)**/ Enclosures attached with application(**Yes/No**) | |
| 13. | किसी नियमित कोर्स (Regular Course)में अगर नामांकन(Admission) है तो उसका विवरण | |
| 14. | Any blood relationship with CSIR Employee (Yes/No), if yes then give details सीएसआईआर कर्मी से संबंध, **(हाँ/ना),** यदि हाँ , विवरण दें | |
| 15. | **अनिवार्य शैक्षणिक योग्यता का विवरण/Details of Essential Qualifications** | |

| Academic Qualification | Name of Board/ University | Year of Passing | Subjects | Marks Obtained/ Total Marks | Marks in % Percentage |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |
| | | | | | |

**16.** मै एतद् द्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दी गई सभी जानकारियाँ सत्य हैं। किसी भी स्तर पर, चयन के पश्चात भी, जानकारी असत्य पाए जाने पर मेरी अभ्यर्थिता/चयन निरस्त किया जा सकता है तथा नियमानुसार कार्यवाही की जा सकती है।

I hereby declare that all the information furnished in this application is true and correct to the best of my knowledge and belief. At any stage, including after selection, if any information is found to be false, my candidature/selection is liable to be cancelled and appropriate action may be taken as per rules.

**अभ्यर्थी का हस्ताक्षर (दिनांक सहित) / Signature of Candidate (with date) –**